## प्रादेशिक समाचार

### दिनांक– 19.02.2026 (दोपहर–1310 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **प्रधानमंत्री ने नई दिल्ली में इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट का किया औपचारिक उद्घाटन, कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस से मानव इतिहास में जुड़ रहा है क्रांतिकारी अध्याय।**

2. **प्रश्न काल के साथ आज झारखंड विधानसभा के बजट सत्र की हुई शुरूआत, राज्यपाल के अभिभाषण पर भी होगी चर्चा, पक्ष–विपक्ष के कई विधायक लेंगे हिस्सा।**

3. **जेपीएससी ने सिविल सर्विसेस सेवा प्रारंभिक परीक्षा के आयोजन की बढ़ाई तारीख, अब पन्द्रह मार्च को होगा एग्जाम, अभ्यर्थी कल तक कर सकेंगे ऑनलाइन आवेदन।**

4. **तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव–2026 आज से, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ ड्रोन शो, वाटर स्पोर्ट्स, पैरा–ग्लाइडिंग तथा गंगा आरती होगा आकर्षण का केंद्र।**

5. **रांची रेल मंडल की मेजबानी में 83वीं अखिल भारतीय पुरुष रेलवे हॉकी चौंपियनशिप का हुआ आगाज, पहले दिन दक्षिण पूर्व रेलवे और उत्तर पूर्व रेलवे ने दर्ज की धमाकेदार जीत।**

**************************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत न केवल नई तकनीकों का विकास कर रहा है बल्कि उन्हें तेजी से अपना भी रहा है। नई दिल्ली के भारत मंडपम में इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट का औपचारिक उद्घाटन करते हुए श्री मोदी ने कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा तकनीकी केन्द्र है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस से मानव इतिहास में क्रांतिकारी अध्याय जुड़ रहा है।

प्रधानमंत्री ने एआई के लोकतंत्रीकरण पर बल देते हुए कहा कि इसे विशेष रूप से वैश्विक दक्षिण के लिए समावेशन और सशक्तिकरण का साधन बनाना चाहिए।

**************************

झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे दिन प्रश्नकाल के साथ सदन की कार्यवाही शुरू हुई। इस दौरान विधायकों द्वारा लोक महत्व और जनहित से जुड़े विषयों पर पूछे गए सवालों का जवाब संबंधित मंत्रियों द्वारा दिया गया। वहीं, अब राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा शुरू होने जा रही है। इस चर्चा में पक्ष और विपक्ष के कई विधायक हिस्सा लेंगे। विपक्ष जहां सरकार को घेरने की रणनीति के तहत आवाज उठाएगी, वहीं सत्ता पक्ष सरकार द्वारा किए गए कार्यों और उपलब्धियों से सदन को अवगत कराएगी।

**************************

राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने नगर निकाय चुनाव को लेकर पलामू में महापौर और गढ़वा तथा बंशीधर नगर में अध्यक्ष पद के लिए भाजपा समर्थित प्रत्याशियों के पक्ष में चुनावी अभियान चलाया। उन्होंने कहा कि हेमन्त सरकार द्वारा तीन वर्षों तक निकाय चुनाव लंबित रखने से केंद्र द्वारा राज्य को शहरी विकास के लिए मिलने वाला लगभग पांच हजार एक सौ करोड़ रुपए से वंचित रह गया।

**************************

पाकुड़ में नगर परिषद चुनाव को लेकर प्रचार– प्रसार जोरों पर है। सभी प्रत्याशी डोर टू डोर कैंपेन कर रहे हैं। और ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

**************************

पुलिस मुख्यालय ने रमजान के दौरान विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों को पूरी सतर्कता बरतने को कहा है। पुलिस की विशेष शाख ने मस्जिदों, हाट–बाजारों के आसपास पुलिस बल की तैनाती, असमाजिक तत्वों और सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट और अफवाहों की निगरानी, अवैध शराब की बिक्री पर रोक तथा थाना स्तर पर शांति समिति की बैठक आयोजित करने का निर्देश जिलों के उपायुक्त और पुलिस अधीक्षकों को दिया है।

**************************

जेपीएससी की संयुक्त सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा अब पन्द्रह मार्च को आयोजित होगी। इससे पहले यह परीक्षा आठ मार्च को निर्धारित थी. वहीं आयोग ने झारखंड संयुक्त असैनिक सेवा बैकलॉग परीक्षा की भी तारीख 22 मार्च से बढ़ाकर छब्बीस अप्रैल कर दी है। वहीं इस परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तारीख 20 फरवरी है।

**************************

केंद्रीय महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने लोगों से एक नारियल का पेड़ मां के नाम लगाने की अपील की है. गिरिडीह में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक पेड़ के नाम लगाने का देशवासियों से आह्वान किया है, उसे आत्मसात करें। पर्यावरण में बढ़ रहे प्रदूषण नियंत्रित करने के लिए यह कदम उठाया जा रहा है.

**************************

घरेलू शेयर बाजार का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स में आज शुरूआती कारोबार में मामूली गिरावट दर्ज की गई। अंतिम समाचार मिलने तक सेंसेक्स 655 अंक गिरकर तिरासी हजार सत्तहतर जबकि निफ्टी एक सौ छियानबे अंक गिरावट के साथ 25 हजार छह सौ बाईस पर था।

**************************

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 44 हजार 800 रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत 2 लाख 58 हजार रूपये प्रति किलो है।

**************************

दुमका जिले में मयुराक्षी नदी के तट पर चल रहे आठ दिवसीय हिजला मेले में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में पारंपरिक जनजातीय संस्कृति, कला, परंपरा और जीवन मूल्यों के साथ कृषि और ग्राम्य जीवन की झलक देखने को मिल रही है। लोगों ने कहा कि इस मेले में संस्कृति के साथ कृषि के नए तकनीकों की जानकारी मिल रही है।

**************************

चतरा जिले में राजकीय इटखोरी महोत्सव–2026 का आज आगाज होगा. तीन दिनों तक चलने वाले इस महोत्सव के उद्घाटन समारोह में मंत्री राधाकृष्ण किशोर और योगेंद्र महतो, सांसद कालीचरण सिंह, विधायक जनार्दन पासवान और कुमार उज्ज्वल मौजूद रहेंगे. इसबार के महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ ड्रोन शो, वाटर स्पोर्ट्स, पैरा–ग्लाइडिंग तथा भव्य गंगा आरती विशेष आकर्षण का केंद्र होगा.

**************************

- रांची विश्वविद्यालय में डाटा साइंस का कोर्स शुरू होगा। इस सेशन से शुरु होने वाले इस कोर्स के लिए पहले बैच में तीस सीटों पर नामांकन लिया जाएगा।
- एम्स, देवघर में नियुक्ति गड़बड़ी मामले में देवीपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। इसमें नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों रुपए की वसूली किए जाने की बात कही गई है।
- बीआईटी मेसरा, रांची में डिजिटल प्रबंधन पर तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन कल से शुर होगा. इसमें देश–विदेश के शिक्षाविद औऱ उद्योग विशेषज्ञ हिस्सा लेंगे।

**************************

रांची रेल मंडल की मेजबानी में एस्ट्रो टर्फ स्टेडियम, हटिया में 83वीं अखिल भारतीय पुरुष रेलवे हॉकी चैंपियनशिप का आयोजन हो रहा है। इस चौंपियनशिप के पहले दिन दक्षिण पूर्व रेलवे ने उत्तर पश्चिम रेलवे पर चौदह–शून्य से धमाकेदार जीत दर्ज की। वहीं उत्तर पूर्व रेलवे ने उत्तर मध्य रेलवे को चार–एक से पराजित किया। प्रतियोगिता का फाइनल मैच 23 फरवरी को खेला जाएगा।

**********समाप्त***************